# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ध्वजारोहण कर अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले का शुभारंभ किया

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने विदेशी सैलानियों व छात्राओं के साथ नृत्य किया



डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी के साथ नगाड़ा बजाया।



पुष्कर में देर शाम को ब्रह्म सरोवर के 52 घाटों पर सवा लाख दीपदान किया गया।

- **अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी ने 101 नगाड़ा वादकों के साथ एक साथ नगाड़ों पर थाप दी**
- **दीयों की झिलमिल रोशनी से जगमगाए ब्रह्म सरोवर के घाट, नगाड़ा वादकों ने दी प्रस्तुति**

**पुष्कर/अजमेर,** (निसं)। राजस्थान की लोक संस्कृति के बीच गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री और अतिथि देवो भव की भावना को भी जीवंत करते हुए हल्की बूंदाबांदी के बीच डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने मेला मैदान में विधिवत झंडारोहण कर विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेला मैदान में बालिकाओं द्वारा दी गई नृत्य की प्रस्तुति के दौरान डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने छात्राओं के साथ नृत्य भी किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी ने 101 नगाड़ा वादकों के साथ एक साथ नगाड़ों पर थाप दी। पुष्कर के इतिहास में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ। प्रशासन की ओर से इस अनूठी प्रस्तुति को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की तैयारी भी की गई। मेला मैदान में दिनभर रोमांच और संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, कलेक्टर लोक बंधु, एसपी वंदिता राणा सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

मेला ग्राउंड में फुटबॉल मैच शुरू हो चुका है। प्रशासन की ओर से सिर्फ एक ही मैच आयोजित कराया, इसमें देसी और विदेशी टूरिस्ट्स हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड के खिलाड़ी विदेशी पर्यटकों की टीम में हैं। मेला ग्राउंड में खेला गया फुटबॉल मैच देसी पर्यटकों की टीम ने 2-1 से जीत लिया। उन्होंने यूएस, जर्मनी, फ्रांस और यूके के पर्यटकों की विदेशी टीम को हराया।

**पुष्कर सरोवर पर हुआ दीपदान** :-तीर्थ नगरी पुष्कर में धार्मिक मेले पर ब्रह्मा मंदिर में महाआरती हुई, इसके साथ ही धार्मिक पदयात्रा निकाली गई तथा देर शाम को ब्रह्म सरोवर के 52 घाटों पर सवा लाख दीपदान किया, जिससे पूरा पुष्कर सरोवर दीपों की झिलमिल रोशनी से जगमगा उठा। घाटों पर रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाकर सजावट की गई। धार्मिक मेले को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, निवर्तमान परिषद अध्यक्ष कमल पाठक, अरुण पाराशर, शिव स्वरूप महर्षि, लक्ष्मी पाराशर, मुकेश कुमावत, रोहन बाकोलिया, सुमन कुमावत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। दिया कुमारी को पूजा-अर्चना प्रसिद्ध पंडित कैलाश नाथ ने कराई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुष्कर मेले के लिए 70 लाख का जो बजट था उसको बढ़कर एक करोड़ करने की घोषणा मंच से की। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी 19 नवंबर से प्रत्येक संभाग में घूमर नृत्य का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति है हमारी धरोहर है इसको संभाले रखना बहुत जरूरी है।

वर्ल्ड रिकॉर्ड में नगाड़ा बजाने वाली निकोल नामक विदेशी युवती ने बताया कि पुष्कर मेला बहुत ही सुंदर है। यहां प्रत्येक व्यक्ति को आकर अपनी आंखों से इस मेले को देखना चाहिए। साथ ही उसने बताया कि नगाड़ा बजाकर अपने आप को बहुत ही भाग्यशाली समझ रही है। पर्यटनविभाग के प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि आज से ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। प्रत्येक दिन अलग अलग कलाकारों द्वारा शाम को कार्यक्रम पेश किए जायेंगे।

# रिश्वत लेते पटवारी व दलाल गिरफ्तार



एसीबी की टीम ने पटवारी व दलाल को गिरफ्तार किया।

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के पांचू गांव में एसीबी टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ई-मित्र संचालक दलाल को भी टीम ने गिरफ्तार किया है।

मामला जिले के पांचू हल्का का है। यहां तैनात पटवारी अंबालाल मीणा ने मुआवजा के नाम पर चार हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस पर एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर बीकानेर चौकी की एसयू यूनिट ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पटवारी अम्बालाल मीणा और दलाल श्री राम (महादेव ई-मित्र) दोनों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर शिकायत मिली थी। इसमें परिवादी के के पांचू स्थित कृषि भूमि में बिजली के टावर के नीचे आई भूमि के मुआवजे की चौथी किश्त जारी होनी थी। करीब 50 हजार रुपए के लिए पांचू पटवारी को रिपोर्ट तैयार करनी थी। इसके लिए चार हजार रुपए मांगे। ये रुपए ई-मित्र संचालक श्रीराम जाट को देने के लिए कहा गया। इस पर एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में बीकानेर एसयू एएसपी आशीष कुमार की टीम ने दोनों को ट्रेप पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ जारी है।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- अ.अ./विद्युत-II/राजकाज 18494416 दिनांक :- 28/10/2025

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत-II/14/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है।

NIB CODE:- JOD2526A0167
UBN/TENDER ID:- JOD2526WSOB00360
कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत — रूपये 35,88,272/—

राज.संवाद/सी/25/12887 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-II)



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल, कोटा
Email : nnksouth@gmail.com, Website : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/947 - 961 दिनांक :- 17/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 48/2025-26**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 47.62 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 24.10.2025 से दिनांक 03.11.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट **www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण के छावनी—कोटड़ी के समस्त वार्डों में निर्माण कार्य करवाये जाने बाबत्। | 47.62 |

NIB Code No. DLB2526A7332
UBN No. DLB2526WSRC22235
राज.संवाद/सी/25/12925 अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम कोटा दक्षिण


# फतेहपुर में न्यूनतम पारा 17 डिग्री दर्ज

**सीकर,** (निसं)। प्रदेश में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस के बीच गुरुवार सुबह से सीकर में बादल छाए रहे। इस बीच सीकर में हल्की धुंध भी रही। हालांकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के करीब रहने के चलते गुलाबी ठंडक से लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

सीकर में अभी 4 से 5 दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर सुबह न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले यहां बुधवार को न्यूनतम तापमान 15.5 और अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री दर्ज किया गया था। बुधवार को भी ज्यादातर समय मौसम साफ रहा था। मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिलहाल शेखावाटी एरिया में अगले 4 से 5 दिन मौसम ड्राई रहने का अनुमान है। इस दौरान यहां तापमान में ज्यादा खास बदलाव नहीं होगा। बारिश होने की संभावना भी बेहद कम है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार सीकर में 2 नवंबर तक बारिश का कोई भी अलर्ट नहीं है। यहां पर मौसम ड्राई रहेगा। तापमान में भी ज्यादा बदलाव नहीं होगा, जबकि कोटा और उदयपुर संभाग में 4 नवंबर तक बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है।

# ट्रेड फेयर में दोस्तों के साथ घूमने गए युवक की छुरा घोंपकर हत्या

- **दोस्तों का कुछ लोगों से झगड़ा होने पर बीच-बचाव कर रहा था युवक, दूसरे पक्ष के युवक ने उसके सीने बर्फ काटने वाला छुरा घोंप दिया**
- **परिजन और ग्रामीण हॉस्पिटल पहुंचे, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए**
- **परिजन और ग्रामीणों ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की, 5 दिन का समय दिया**

**अलवर,** (निसं)। अलवर में ट्रेड फेयर में दोस्तों के साथ घूमने गए युवक की छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई। युवक के दोस्तों का कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। वह बीच-बचाव कर रहा था, इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवक ने उसके सीने बर्फ काटने वाला छुरा घोंप दिया। युवक को घायल अवस्था में जिला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गोविंदगढ़ में रेलवे फाटक के पास बुधवार रात करीब आठ बजे की है। सूचना पर युवक के परिजन और ग्रामीण हॉस्पिटल पहुंचे, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करने लगे। पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद परिजनों ने धरना खत्म कर दिया और शव को हॉस्पिटल से लेकर गए।

अलवर मेव बोर्डिंग के पूर्व सदर शेर मोहम्मद ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अगर आरोपियों के घरों पर अवैध अतिक्रमण मिलता है तो हटाएंगे। 4 नवंबर तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो हम अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

पुलिस ने बताया कि गोविंदगढ़ क्षेत्र के खेड़ी बहादुर गांव निवासी वकार (20) पुत्र फकरुद्दीन सेकंड ईयर का छात्र था। वह अपने दोस्त तालीम, अरशद और बरकत के साथ गोविंदगढ़ में लगे ट्रेड फेयर में घूमने गया था। वहां मोमोज की दुकान पर तालीम का छैल बिहारी से झगड़ा हो गया। छैलबिहारी के साथ राजेश, रविंद्र, बलदेव, केदार, खेमू व रवि सहित तीन चार अन्य युवक भी थे। वकार ने बीच-बचाव करने लगा। इसी दौरान छैलबिहारी ने छुरा मार दिया था, जिससे वकार लहूलुहान होकर गिर गया। उसे गोविंदगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे अलवर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई।


**कार्यालय नगर परिषद, करौली (राज.)**

फोन न0 07464-294024, ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com, website - www.npkarauli.in

क्रमांक :- न0प0रि0क0/निविदा/2025/3331 दिनांक :- 27/10/2025

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना संख्या 3062 दिनांक : 08.10.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र. सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.10.2025 समय 6:00 पीएम तक | 03.11.2025 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 29.10.2025 समय 1:30 पीएम तक | 04.11.2025 समय 02:00 पीएम तक |

अतिरिक्त शर्तें :—
1. समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण—पत्र अथवा कार्य पूर्णता प्रमाण—पत्र अथवा कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा संबंधी कोई भी दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराया जाना अनिवार्य नही है। शर्तो के अनुसार दस्तावेजों एवं शुल्क को ऑनलाईन ही जमा करायें।

नोट :— निविदा में वर्णित शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

राज.संवाद/सी/25/12928 आयुक्त नगर परिषद करौली


# नाबालिग के मना करने पर भी अश्लील वीडियो वायरल किया

- **दो युवको के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज, आठ महीने पहले दुष्कर्म किया था**

**श्रीडूंगरगढ़,** (निसं)। 14 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता के पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, सामूहिक दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिता ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि करीब आठ माह पूर्व उसी के मोहल्ले के दो आरोपी युवक रात को 11 बजे मोटरसाइकिल पर लड़की को बहलाकर ले गए। आरोपियों ने पीड़िता के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी व रातभर एक कमरे में बंद रखा। दोनों ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी उसकी पुत्री को डरा-धमका कर सुबह पांच बजे घर के आगे छोड़कर चले गए। बदनामी के डर से उसने कोई कार्रवाई नहीं की और पंच पंचायती में आरोपी युवकों ने गलती मानते हुए नाबालिग से कोई संबंध नहीं रखने व वीडियो नहीं बनाने की बात कही। 21 अक्टूबर की सुबह दोनों आरोपी उसके घर आए और नाबालिग को शारीरिक संबंध कायम रखने की धमकी देते हुए उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की बात कही। नाबालिग के मना करने पर 22 अक्टूबर को आरोपियों ने नाबालिग के अश्लील वीडियो वायरल कर दिए।

# शराब परिवहन मामले में दो गिरफ्तार

**टोक,** (निसं)। थानाधिकारी निवाई सदर के नेतृत्व गठित थाना विशेष टीम द्वारा लोकल व माईनर एक्ट में कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब परिवहन मामले में आरोपी लखन कुमार पुत्र मांगीलाल वाल्मिकी निवासी हीरा चौकी पुरानी टोंक को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार निवाई सदर की टीम ने अवैध देशी हथकड़ शराब परिवहन मामले में आरोपी मंगल उर्फ मंगल्या मोग्या पुत्र पुसाराम मोग्या निवासी बिजोलाय थाना नरैना जिला जयपुर हाल निवासी चनानी थाना निवाई सदर को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना निवाई सदर पर पूर्व में दर्ज प्रकरण में फरार चल रहा था। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# प्रिंसिपल ट्रांसफर लिस्ट जल्द ही जारी हो सकती है!

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेशभर के सीनियर सैकंडरी स्कूल में प्रिंसिपल ट्रांसफर लिस्ट जल्द ही जारी हो सकती है। इसके लिए 500 से ज्यादा प्रिंसिपल की लिस्ट तैयार हो चुकी है और मुख्यमंत्री कार्यालय से हरी झंडी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

पूर्व में जारी प्रिंसिपल ट्रांसफर लिस्ट के कुछ संशोधन भी इस लिस्ट में होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट जयपुर पहुंच गए हैं। राज्य में 4 हजार से ज्यादा प्रिंसिपल के ट्रांसफर करने के बाद से अब तक भी प्रिंसिपल के ट्रांसफर ऑर्डर में संशोधन नहीं किया गया है। ऐसे में अब एक साथ सभी संशोधन हो रहे हैं। विधायकों की सिफारिश पर ही पहले ट्रांसफर हुए थे और अब संशोधन भी उनकी सिफारिश पर हो रहे हैं। खास बात ये है कि ट्रांसफर लिस्ट पर इस बार भी मुख्यमंत्री कार्यालय की पूरी नजर है। शिक्षा मंत्री कार्यालय और निदेशालय से तैयार हुई ट्रांसफर लिस्ट में काफी कटौती की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय फिलहाल ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। वहीं शिक्षा मंत्री कार्यालय से तैयार हो रही लिस्ट में 1 हजार प्रिंसिपल को इधर-उधर करने की तैयारी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को अब मुख्यमंत्री कार्यालय से इस लिस्ट को स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है। ये लिस्ट एक-दो दिन में भी जारी हो सकती है और किसी कारण से रुक भी सकती है। निदेशालय स्तर पर सिर्फ लिस्ट को पुटअप करने और आदेश जारी करने का काम रहा है। प्रिंसिपल के साथ ही मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रेड सेकंड के ट्रांसफर भी हो सकते हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर ऑफिस से टीम को जयपुर बुलाया गया है। बीकानेर संभाग के साथ ही अन्य संभागों के ज्वाइंट डायरेक्टर और उनकी टीम जयपुर पहुंच रही है। ट्रांसफर के लिए चल रही मशक्कत पर अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट से ट्रांसफर का सवाल करने पर उन्होंने कहा कि सरकार जब भी आदेश देगी, तभी ट्रांसफर हो जाएंगे।


**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY**

Rawatbhata Road, Kota -324021
Examination Department (RSCIT CELL)

No. :- VMOU/Exam/RSCIT/2025/1155 Date :- 29/10/2025

**Notice Inviting E-Tender for Printing of Certificate**
**NIB No. 14 Date 28.10.2025**

University invites e-tender from the registered & reputed Printers for "Printing of Certificates in four colour with at least 5 security features on white Maplitho Paper Size A4 120 GSM" for University. The Estimated cost of the tender is Rs. 30.00 lacs. Tender will be available online from 31-10-2025 upto 14-11-2025 on **https://eproc.rajasthan.gov.in, www.vmou.ac.in, and www.sppp.raj.nic.in**. Last date to fill tender online is 14-11-2025. Technical bid will be opened online on 15-11-2025. The bidders must send original D.D. of Tender form fees Rs. 500/-, processing fees Rs. 500/- and Bid Security 60000/- last upto 14-11-2025 upto 04:00 pm at the office of the undersigned. For further details, kindly visit websites **www.vmou.ac.in, https://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.raj.nic.in** {UBN Number: VMU2526SLOB00017}. If any corrigendum generated/occurred, then it will be uploaded only on the above mentioned websites.

Raj.Samwad/C/25/12915 Controller of Examinations


# महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इंटीग्रेटेड फायरिंग एक्सरसाइज का अभ्यास किया

- **यह अभ्यास अग्रिपथ पर अजेय भारत और नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर का प्रदर्शन था**
- **अभ्यास के दौरान सैनिकों ने फायर एंड मूव की रणनीति का अद्भुत प्रदर्शन किया**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इंटीग्रेटेड फायरिंग एक्सरसाइज की प्रैक्टिस की गई। यह अभ्यास अग्रिपथ पर अजेय भारत और नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर का प्रदर्शन था। इसमें थल और वायु सेना ने आपसी तालमेल दिखाया, जहां ड्रोन उड़ाकर दुश्मन के ठिकानों का पता लगाया गया तो वहीं हवा और जमीन से रुसी टैंक और मिनी गन से गोला बारूद बरसाया गया। अभ्यास में भारत के डिजिटल फायरिंग सिस्टम को भी प्रदर्शित किया गया। इसमें दुश्मन के ठिकानों पर टारगेट सेट कर सटीक फायरिंग की गई। भारतीय सैन्य बलों का समन्वित शक्ति प्रदर्शन करते हुए वास्तविक युद्ध जैसा अभ्यास किया गया।

इस अभ्यास में साऊथ वेस्टर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, इस अभ्यास में फायरिंग डेमोंस्ट्रेशन के साथ-साथ मॉडर्न वॉर, आपसी समन्वय और सटीक मारक क्षमता को दिखाना था। थल और वायु सेना के जवानों ने एकजुट होकर अपने हथियारों, वाहनों और तोपखाने का प्रदर्शन किया। यूनिट्स ने एक साथ आपसी तालमेल बैठाकर दुश्मन के ठिकाने उड़ाए।

बीएमपी-2- जो युद्ध क्षेत्र में पैदल सैनिकों को कवच सुरक्षा प्रदान करता है और चलती स्थिति में भी फायरिंग करने में सक्षम है। टी-72 टैंक- भारतीय सेना की आर्मर्ड रेजिमेंट का गर्व, जिसने दुश्मन की काल्पनिक पोजीशन पर सटीक फायरिंग कर अपनी घातक क्षमता का प्रदर्शन किया। 130 मिमी मीडियम गन-जिसने लंबी दूरी से लक्ष्यों को नेस्तनाबूद करने की सटीकता दिखाई, यह भारतीय तोपखाने की रीढ़ मानी जाती है।

अभ्यास के दौरान सैनिकों ने फायर एंड मूव की रणनीति का अद्भुत प्रदर्शन किया। टैंकों और पैदल यूनिटों ने एक-दूसरे के समर्थन में लगातार फायरिंग की, जबकि आर्टिलरी यूनिट्स ने दूर से लक्ष्यों पर सटीक निशाने साधे। इससे फायरिंग के साथ-साथ सैनिक आगे बढ़ते रहे और टारगेट को भेद दिया। वायु और थल सेनाओं ने आपसी तालमेल का प्रदर्शन कर एक दूसरे को सूचना दी और तेजी के साथ दुश्मन के ठिकानों पर फायर किए।

लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत केवल उसके हथियारों में नहीं, बल्कि उसके प्रशिक्षण, अनुशासन और टीम वर्क में है। महाजन की रेत में जो आग और जोश दिखाई दे रहा है, वही हमारी सीमाओं की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है। यह एक्सरसाइज दक्षिण पश्चिमी कमान की "ऑपरेशनल रेडीनेस" का सशक्त उदाहरण है और यह दर्शाता है कि सेना किसी भी समय, किसी भी परिस्थिति में मिशन को पूरा करने के लिए तैयार है।

एक्सरसाइज के दौरान युवा सैनिकों और नई तकनीक के संयोजन ने भारत के "नए युग के युद्ध दर्शन" की झलक दिखाई। डिजिटल फायरिंग सिस्टम, कम्युनिकेशन नेटवर्क, और बैटलफील्ड सर्विलांस इंटेग्रेशन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि भारतीय सेना अब "नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर" की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# अज्ञात लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित की

## सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सलारपुर गांव में अज्ञात लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर दी। गत दिवस शाम हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। यह घटना गत दिवस देर शाम की बताई जा रही है। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को खंडित देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और घटना पर नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने इस कृत्य को समाज में सांप्रदायिक और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की सोची-समझी साजिश बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सदर थाना पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया और खंडित प्रतिमा को जल्द ही पुनः स्थापित करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे गंगापुर सिटी-सवाई माधोपुर मार्ग को जाम कर देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रशासन जिम्मेदार होगा। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। प्रशासन भी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।


**MBM UNIVERSITY, JODHPUR**

No. : MBMU/OIC/2025-26/958 Date :- 27/10/2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids are invited from interested eligible and experienced vendors/suppliers for the supply/provision of the following items/services at MBM University, Jodhpur. All other particulars of the bid may be visited on the portal **sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in and www.mbm.ac.in.**

1. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00060 for "BIO SIGNAL PROCESSING LAB EQUIPMENT for CSE Department" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹15.00 lakh and last date of bid submission 05/11/2025 12:00 Noon.
2. Bids vide UBN No: MBM2526GSRC00056 for "E-Tender for "Rate contract for Stationary Items" in MBM University, Jodhpur. with estimated amount ₹10.00 Lakhs and last date of bid submission 05/11/2025 12:00 Noon.
3. Bids vide UBN No: MBM2526SLOB00057 for "Cleaning Hostel Campus & Academic Campus" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 158.00 Lakhs and last date of bid submission 15/11/2025, 12:00 Noon.
4. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00061 for "Furniture for Hostels, CSE Department and Examination Hall" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 42.60 Lakhs and last date of bid submission 05/11/2025 12:00 Noon.
5. Bids vide UBN No: MBM2526GSLB00063 for "Interacting & Non- Interacting System for Chemical Department" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 01.50 Lakhs and last date of bid submission 01/11/2025 12:00 Noon.
6. Bids vide UBN No: MBM2526GSLB00064 for "Air Conditioner for 5G Lab" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 01.25 Lakhs and last date of bid submission 01/11/2025 12:00 Noon.
7. Bids vide UBN No: MBM2526SSOB00062 for "Services Requires of Manufacturing Unit/ Factory on Lease/Rent Basis for Research Project for blocking making" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 07.20 Lakhs and last date of bid submission 01/11/2025 12:00 Noon.
8. Bids vide UBN No: MBM2526SLOB00065 for "Mess running service in all Boys Hostel" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 354.00 Lakhs and last date of bid submission 18/11/2025 12:00 Noon.
9. Bids vide UBN No: MBM2526SLOB00066 for "Mess running service in all Girls Hostel" at M B M University, Jodhpur. with estimated amount 290.00 Lakhs and last date of bid submission 18/11/2025 12:00 Noon.

Raj.Samwad/C/25/12916 OIC-Central Store